हरिभूमि

# बालोद भूमि

रायपुर, सोमवार 2 दिसंबर 2024


तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री



08 कैट ने थोक कपड़ा व्यापारी संघ पंडरी के नवनियुक्त अध्यक्ष का ...



10 प्राधिकृत अध्यक्षों ने ग्रहण किया पदभार



## खबर संक्षेप

### फंदे पर लटका मिला माहभर पहले लापता व्यक्ति का शव

**बालोद।** दीपावली के समय से अपने गांव से लापता व्यक्ति ग्राम अहिराबरन नवागांव निवासी परस राम 60 वर्ष लाश खरखरा जलाशय से लगे जंगल के पास पेड़ से लटकती मिली है। जानकारी के अनुसार ग्राम अहिराबरन नवागांव निवासी परस राम 60 वर्ष दीपावली के समय से अपने घर से लापता था। बुजुर्ग के परिजनों ने इसकी सूचना सुरेगांव पुलिस को दी गई थी, लेकिन पुलिस व परिजनों द्वारा व्यक्ति की खोजबीन किये जाने के बाद भी नहीं मिल पा रहा था। लगभग एक माह बाद उनकी लाश खरखरा जलाशय से लगे जंगल के पास पेड़ से लटकती हुई मिली है। यह हत्या है या आत्महत्या है, इसकी जांच पुलिस द्वारा की जा रही है।

### तीन दिन से लापता वृद्धा का शव बरामद

**बालोद।** ग्राम पीपरछेड़ी में तीन दिन से लापता बुजुर्ग महिला का शव गांव के ही तालाब (डबरी) में मिला है। बुजुर्ग महिला ने आत्महत्या की या डूबने से उसकी मौत हुई यह जांच का विषय है। पुलिस ने कहा कि जांच के बाद ही इसका खुलासा हो पाएगा। बुजुर्ग की पहचान धानाबाई ठाकुर 75 वर्ष के रूप में हुई है, जो कहीं जाने के लिए घर से तीन दिन पहले निकली हुई थी। लेकिन, रविवार को बुजुर्ग महिला का शव तालाब में मिला है। जानकारी के अनुसार परिजनों ने थाने में बुजुर्ग महिला के गुम होने की सूचना भी दी थी।

### फंदे पर लटकती मिली लाइन मैन की लाश

**बालोद।** नगर आमापारा में किराए के मकान में रह रहे राजेंद्र कुमार ठाकुर का शव मकान की बाड़ी में स्थित पेड़ पर फांसी के फंदे पर लटका मिला है। मृतक विद्युत विभाग का कर्मचारी था। घटना कोतवाली थाना क्षेत्र की है। जानकारी के अनुसार रविवार की सुबह बालोद शहर के आमापारा के एक किराए के मकान के बाड़ी में बालोद विद्युत विभाग में सहायक लाइन मैन के पद पर पदस्थ राजेंद्र कुमार ठाकुर का शव लटकते हुए देखा गया। आस पास के लोगों ने कोतवाली थाना में इसी सूचना दी। घटना की जानकारी लगते ही कोतवाली पुलिस की टीम पहुंची और छानबीन करते हुए आस पास के लोगों से पूछताछ की।पुलिस ने बताया कि शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों सौंप दिया गया है।

### ट्रांसफार्मर से टकराई कार

**बालोद/गुण्डरदेही।** ग्राम कचांदुर में मोटर सायकल को बचाने के प्रयास में कार ट्रांसफार्मर से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि ट्रांसफार्मर के दोनों पोल टूट गए। गनीमत रही कि विद्युत प्रवाह कार में नहीं हुआ। घटना में एयरबेग खुलने के कारण कार चालक को मामूली चोटें आई। घटना की जानकारी के बाद विद्युत विभाग ने तत्काल विद्युत सप्लाई बंद की जिससे बड़ी घटना होने से बच गया।

### भाजपा संगठन पर्व को लेकर की कार्यशाला आज

**बालोद।** बुथ कमेटी गठन को अंतिम स्वरूप देने के लिए प्रांत स्तर पर संगठन पर्व को लेकर कार्यशाला का आयोजन 2 दिसंबर को दोपहर 1 बजे जिला भाजपा कार्यालय बालोद में रखी गई है। कार्यशाला में मुख्य रूप से जिला संगठन चुनाव अधिकारी नीलू शर्मा, जिला अध्यक्ष भाजपा पवन साहू व अन्य नेता उपस्थित रहेंगे। जिला महामंत्री, संगठन चुनाव सह अधिकारी राकेश यादव, कार्यालय मंत्री, संगठन चुनाव सह अधिकारी लोकेश श्रीवास्तव ने बताया कि बैठक में सांसद, विधायक, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य, प्रदेश मोर्चा पदाधिकारी, जिला चुनाव अधिकारियों की टीम, जिला पदाधिकारी, जिला मोर्चा अध्यक्ष, जिला पंचायत, जनपद पंचायत, नगर पालिका, नगर पंचायत के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष, महामंत्री, मंडल प्रभारी, मंडल सक्रिय सदस्यता सहयोगी, मंडल संगठन पर्व सहयोगी सह सहयोगी उपस्थित रहेंगे।

## विरोध

**व्यापारी एवं नागरिक बालोद बचाओ संघर्ष समिति के माध्यम से कर रहे हैं विरोध**

# जिला एवं सत्र न्यायालय को शहर से बाहर ले जाने की तैयारी, विरोध में आज नगर बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला मुख्यालय के हृदय स्थल पर स्थित जिला एवं सत्र न्यायालय को शहर से बाहर ग्राम सिवनी में स्थानांतरण की तैयारी प्रशासन कर रहा है। इसके विरोध में व्यापारियों ने बालोद बचाओ संघर्ष समिति बनाकर इसका विरोध प्रारंभ कर दिया है। इसे लेकर 2 दिसंबर को नगर बंद की घोषणा की गई है।

- पुराना बस स्टैंड में बैठक लेकर बनाई गई नगर बंद की रूपरेखा

नगर बंद की रूपरेखा तय करने 30 नवंबर की रात्रि एक बैठक पुराना बस स्टैण्ड परिसर में आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मिति से तय किया गया कि जिला एवं सत्र न्यायालय को शहर के बाहर स्थानांतरित करने के विरोध में आंदोलन किया जाएगा। प्रारंभिक चरण में आज 2 दिसंबर को नगर बंद की घोषणा की गई है। गौरतलब है कि बालोद जिला बनने के बाद नया संयुक्त कलेक्टर एवं जिला पंचायत कार्यालय नगर के बाहर ग्राम सिवनी में बनाया गया। इसका दुष्परिणाम नगर के व्यापार पर पड़ा एवं व्यापार शहर से ग्राम झलमला को और विकसित होने लगा। उक्त दोनों कार्यालय के शहर से बाहर जाने के दुष्परिणामों को देखते हुए नगर के व्यापारी अब जिला एवं सत्र न्यायालय को भी कलेक्टोरेट के पास स्थानांतरण का विरोध कर रहे हैं। वर्तमान में जिला सत्र न्यायालय का भवन नहीं बना है, लेकिन इसके लिए भूमि आरक्षित कर ली गई है। अब उसमें भवन बनाने की तैयारी की जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार इसके लिए निविदा की प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है, अभी भवन निर्माण का कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है।

### संयुक्त कलेक्टर एवं जिला पंचायत कार्यालय पहले ही नगर के बाहर



### बंद को इन संगठनों ने दिया समर्थन

नगर बंद को विभिन्न व्यापारी संघों ने समर्थन दिया है। बंद के समर्थन में चेम्बर ऑफ कामर्स बालोद, सराफा एसोसिएशन बालोद, होटल व्यापारी संघ बालोद, पुरान बस स्टैण्ड व्यापारी संघ बालोद, स्टेशन रोड व्यापारी संघ बालोद, बुधवारी बाजार व्यापारी संघ बालोद, थोक सब्जी व्यापारी संघ बालोद, भारतीय जनता पार्टी शहर मंडल बालोद, शहर कांग्रेस कमेटी बालोद, शहर सराफा संघ बालोद ने अपना समर्थन दिया।

### जारी रहेगा आंदोलन

व्यापारियों ने कहा कि 2 दिसंबर को नगर बंद के बाद भी जब तक जिला एवं सत्र न्यायालय के नवीन भवन का निर्माण नगर में ही कराने का निर्णय नहीं लिया जाता, आंदोलन जारी रहेगा। बैठक में एक मांग भी उठी कि जिला कलेक्टोरेट एवं जिला पंचायत को भी नगर के अंदर वापस लाया जाए।

### व्यापार प्रभावित होने की आशंका

कलेक्टोरेट एवं जिला पंचायत व जिला एवं सत्र न्यायालय मे जिले भर के हजारों ग्रामीण प्रतिदिन जिला मुख्यालय पहुंचते हैं। यहां शासकीय कार्य पूर्ण करने के बाद सामान्यतः ग्रामीण खरीदी भी करते हैं। पहले कलेक्टोरेट एवं जिला पंचायत कार्यालय नगर के अंदर ही था, जिससे व्यापार में गति देखी गई थी, लेकिन दोनों कार्यालय के बाहर जाने के बाद व्यापार में प्रभावित हुआ था। वहीं, अब जिला सत्र न्यायालय के शहर के बाहर चले जाने से नगर का व्यापार बुरी तरह प्रभावित होगा। इस आशंका के चलते व्यापारी इसका विरोध करने लगे हैं। व्यापारियों का कहना है कि नगर के अंदर ही कई भूमि उपयोग रहित एवं अतिक्रमण का शिकार होकर पड़ी हैं। इनका उपयोग जिला एवं सत्र न्यायालय के नवीन भवन निर्माण के लिए किया जाना चाहिए।

## जिला संयुक्त कलेक्टोरेट एवं जिपं कार्यालय शहर से बाहर होने का दंश झेल रहे जिलेवासी

जिला संयुक्त कलेक्टोरेट एवं जिला पंचायत कार्यालय शहर से बाहर होने का दंश जिलेवासी बीते 12 सालों से झेल रहे हैं। इन दोनों कार्यालयों में जाने के लिए व्यवस्थित परिवहन सुविधा नहीं है। ग्रामीण निजी वाहन या किसी के सहयोग से ही वहां तक पहुंचते हैं। जिला प्रशासन का परिवहन उपलब्ध कराने का कई प्रयास विफल हो चुका है।

वर्तमान में जहां उक्त दोनों कार्यालय संचालित हैं, वहां तक कोई परिवहन सुविधा नहीं है।यह शहर से लगभग 5 किलोमीटर एवं ग्राम सिवनी व ग्राम झलमला से 2 किलोमीटर दूर स्थित है।

उक्त दोनों कार्यालय में जाने के लिए ग्रामीणों को बालोद बस स्टैण्ड एवं ग्राम सिवनी व ग्राम झलमला से कोई नियमित परिवहन सुविधा नहीं है। ग्रामीण निजी वाहन से जाते हैं या मार्ग पर किसी से लिफ्ट लेकर जाते हैं। वाहन नहीं मिलने से कई ग्रामीणों को पैदल ही जाना पड़ जाता है, जो बहुत मुश्किल भरा होता है। वर्तमान में जिला एवं सत्र न्यायालय भी उसी स्थान पर बनाए जाने की तैयारी चल रही है, ऐसे में जो समस्या संयुक्त कलेक्टर कार्यालय एवं जिला पंचायत कार्यालय जाने में ग्रामीणों को हो रही है, वही समस्या जिला न्यायालय जाने में भी होगी। जिला न्यायालय जाने वाले पक्षकारों के लिए यह गंभीर खतरा भी होगा कि वे समय पर न्यायालय पहुंच सकेंगे कि नहीं। क्योंकि न्यायालय की अपनी समयसीमा है एवं मर्यादाएं हैं, वहां पहुंचने में विलंब होने पर पक्षकारों को परेशानी



के साथ अन्य कानूनी अड़चन भी आ सकती है। आने वाले समय में प्रशासन ग्रामीणों को कैसे सुविधा जनक परिवहन सुविधा उपलब्ध कराता है यह देखने वाली बात होगी।

### वाहन सुविधा उपलब्ध कराने का प्रयास विफल

ऐसा नहीं है कि प्रशासन को इस समस्या की जानकारी नहीं है। प्रशासन ने ग्रामीणों की समस्या को देखते हुए कई बार वाहन सुविधा प्रदान करने का प्रयास किया। समय सारिणी तय की एवं योजना के तहत पात्र हितग्राहियों को वाहन भी उपलब्ध कराया, लेकिन समयानुसार सवारी नहीं मिलने एवं सवारी पूरी होने का इंतजार लंबा होने के कारण ग्रामीण उसका उपयोग कम करने लगे। इसके कारण यह व्यवस्था कारगर साबित नहीं हुई और कुछ दिन नियमित चलने के बाद वाहन अनियमित हो गए।

## मौसम खराब, कैप कवर से ढका गया धान...



**बालोद।** जिले के सभी धान खरीदी केंद्रों में धान को सुरक्षित रखने सभी व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। वर्तमान में खराब मौसम धान मद्देनजर सभी समिति प्रबंधक द्वारा उपार्जन केन्द्रों में धान को कैप कवर से ढक कर सुरक्षित रखा गया है। उप पंजीयक राजेंद्र राठिया और जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के नोडल अधिकारी सीआर रावटे द्वारा उपार्जन केन्द्र सांकरा ज, पिरीद, कुरदी, पैरी, लाटाबोड़ का भ्रमण कर व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। जहां पर सभी जगह धान कैप कवर से ढका हुआ पाया गया। इसी प्रकार उपार्जन केंद्र भाटागांव आर, भाटागांव बी, मेड़की, बालोद, करहीदर सहित सभी जगह धान ढक कर रखा गया है।

## बंग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर अत्याचार के खिलाफ प्रदर्शन कल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

बंग्लादेश में कट्टरपंथी विचारों को लेकर काम करने वाले जेहादी संगठनों द्वारा सरकार की शह पर वहां निवासरत अल्पसंख्यक

- सर्व हिन्दू धर्म समाज सुरक्षा मंच के नेतृत्व में किया जाएगा आंदोलन

हिंदुओं की हत्या, मन्दिरों में तोड़फोड़, हिंदू संतों की गिरफ्तारी महिलाओं के साथ हो रहे अत्याचार की बढ़ती घटनाओं के विरोध में 3 दिसंबर को दोपहर 1 बजे बालोद शहर के जय स्तम्भ चौक में सर्व हिन्दू धर्म समाज सुरक्षा मंच बालोद जिला संगठन के नेतृत्व में बंग्लादेश सरकार के खिलाफ



हल्लाबोल आंदोलन किया जाएगा। संघ कार्यालय में आयोजित बैठक में हिंदुओं पर हमलों व संतो की गिरफ्तारी पर बंग्लादेश सरकार की मौन स्वीकृति व कट्टरपंथी जेहादियों को खुली छूट देने का आरोप लगाते हुए इस पर नाराजगी व्यक्त की गई। बैठक के दौरान जोरदार प्रदर्शन करने की योजना बनाई गई। सर्व हिन्दू समाज संगठनों ने बालोद जिले के सभी हिन्दू संगठनों, मन्दिर समितियों, युवा संगठनों, व्यापारी संगठनों सहित सभी महिला मंडली व समिति की बहनों से आंदोलन में शामिल होने का आग्रह किया है।

### सौंपी गई जिम्मेदारी

संघ कार्यालय बालोद में आंदोलन को लेकर समिति का गठन किया गया व सभी को जिम्मेदारी दी गई। सर्व हिन्दू समाज सुरक्षा मंच समिति सदस्य संयोजक बलराम गुप्ता, सहसंयोजक मुकेश आरदा, सदस्य महेन्द्र जायसवाल, सांवत साहू, विकास श्री श्रीमाल, कृष्णा साहू, यादराम साहू, सत्या साहू, पूजा जैन, दीपक देवांगन, संरक्षक राजेन्द्र राठी को जिम्मेदारी दी गई है। बैठक में जिला कार्यवाह संतोष साहू, सह कार्यवाह विनोद साहू, जिला व्यवस्था प्रमुख जितेंद्र पटेल, भारत स्वाभिमान जिला अध्यक्ष मुकेश आरदा, स्वयंसेवक महेंद्र जायसवाल, नगर कार्यवाह छगन यादव, स्वयंसेवक हर्ष साहू, जिला शारीरिक प्रमुख जितेंद्र साहू, पूजा जैन, बजरंग दल नगर संयोजक प्रदीप मिनपाल की प्रमुख उपस्थिति रही।

## कार ने खड़े वाहन को मारी टक्कर



**बालोद/कलंगपुर।** गुण्डरदेही धमतरी मुख्य मार्ग में ग्राम कलंगपुर बस स्टैंड पर सड़क किनारे खड़ी बोलेरो सीजी19 सी 0740 को सामने से आ रही तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। घटना में दोनों वाहन के सामने का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया, वहीं कार में सवार लोगों को मामूली चोटें आई हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार घटना शनिवार 30 नवम्बर की रात तकरीबन 8 बजे की है, जहां गुण्डरदेही की ओर आ रहे बोलेरो चालक ने अपने वाहन को सड़क के नजदीक खड़ा कर वहीं पास की दुकान में कुछ समान खरीदने गया था। सामने से आ रही तेज रफ्तार कार ने खड़े बोलेरो को सामने से टक्कर मार दी। वहीं, बोलेरो से टक्कर के बाद सड़क के किनारे पड़ी रेत-गिट्टी में जाकर धंस गई।घटना में दोनों वाहनों के सामने का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया।

## मोखा में श्री शिव पुराण कथा आज से

**गुरूर।** ग्राम मोखा में 2 से 8 दिसंबर तक पांच दिवसीय संगीतमय श्री शिव पुराण कथा का आयोजन शिव शक्ति महिला समिति एवं समस्त ग्रामवासियों



के सहयोग से किया जा रहा है। कथा वाचक पंडित श्री कृष्ण कुमार तिवारी होंगे। कथा दोपहर 12 बजे से शाम 5 बजे तक सुनाई जाएगी। कथा के प्रथम दिन 2 दिसंबर को कलश यात्रा एवं वेदी स्थापना, शिव पुराण महिमा कथा होगी। 3 दिसंबर देवराज चचुंला की कथा, पार्थिव शिवलिंग निर्माण विधि कथा होगी। 4 दिसंबर कुबेर कथा, पार्थिव शिवलिंग पूजन कथा, 5 दिसंबर रूद्राक्ष महिमा, रुद्राक्ष धारण विधि, श्रृष्टि वर्णन कथा होगी। 6 दिसंबर को सती चरित्र, शिव विवाह, 7 को कार्तिक एवं गणेश जन्म कथा, ज्योतिर्लिंग कथा चढ़ौत्री एवं 8 दिसंबर सुबह 9 से 2 बजे तक बेलपत्र महिमा, बेलपत्र वर्षा एवं यज्ञ हवन शोभायात्रा निकाली जाएगी।

## कैश वाहन की टक्कर से बाइक सवार घायल, डेढ़ माह बाद मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

ग्राम निपानी चौक से पीपरछेड़ी जाने वाले मार्ग पर बैंक कैश वाहन ने मोटर सायकल सवार तीन लोगों को टक्कर मार दी, जिससे तीनों घायल हो गए। इस मामले में घटना के डेढ़ माह बाद पीड़ित की शिकायत पर बीते शुक्रवार को बालोद थाने में बैंक कैश वाहन के खिलाफ 125 ए बीएनएस, 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया है। ग्राम अण्डी निवासी रविदास साहू ने बताया कि 17 अक्टूबर को मेरे मोटर सायकल क्रमांक सीजी 07 एलपी 5264 से बहन मुन्नी बाई और भावना के साथ तीनों ग्राम सोंहपुर रिश्तेदारी में गये थे। रिश्तेदारों से मेल–मुलाकात कर मोटर सायकल से बहन मुन्नीबाई, लड़की भावना के साथ वापस ग्राम अण्डी आने निकले थे, शाम करीबन 04 बजे निपानी चौक से पीपरछेड़ी जाने वाले रोड में इंडीगेटर देकर रोड क्रास कर रहे थे, उसी समय बेलोदी तरफ से आ रहे बैंक के कैश वाहन क्रमांक सीजी 04 एनसी 8070 के चालक ने मोटर सायकल को पीछे से ठोकर मार दी। इससे तीनों मोटर सायकल सहित गिर गए और गम्भीर रूप से घायल हो गए तीनों को 108 एम्बुलेंस से जिला अस्पताल बालोद लाया गया जहां प्रारंभिक उपचार के बाद रेफर कर दिया गया। डेढ़ माह तक इलाज करवाकर स्वस्थ होने के बाद पीड़ित ने बालोद थाने में शिकायत दर्ज करवाई है।

- डेढ़ माह तक इलाज करवाकर स्वस्थ होने के बाद दर्ज कराई रिपोर्ट

**शासकीय शहीद कौशल यादव महाविद्यालय में मनाया गया एड्स दिवस**

# एड्स के प्रति जागरूकता ही है उससे बचाव का तरीका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

युवाओं में एड्स के बढ़ते मामलों को देखते हुए एड्स दिवस के अवसर पर शासकीय शहीद कौशल यादव महाविद्यालय, गुण्डरदेही में संचालित रेड रिबन क्लब एवं यूथ रेडक्रॉस सोसाइटी के संयुक्त तत्वावधान में विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से एड्स जागरूकता अभियान चलाया गया। एड्स जागरूकता के लिए छात्र–छात्राओं ने रंगोली बनाकर एड्स से बचाव का संदेश दिया। इस प्रतियोगिता में

- कारण, बचाव और सावधानियों को लेकर की गई चर्चा
- विद्यार्थियों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का किया गया आयोजन




प्रथम स्थान एम.कॉम. तृतीय सेमेस्टर की छात्रा तामेश्वरी एवं द्वितीय स्थान एमकॉम. प्रथम सेमेस्टर की छात्रा कंचन को मिला। वहीं, नारा लेखन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान बीएससी द्वितीय वर्ष की छात्रा साधना एवं द्वितीय स्थान बीएससी. द्वितीय वर्ष की छात्रा प्रियंका को मिला। छात्र–छात्राओं ने पोस्टर बनाकर एड्स के बारे में जागरूक किया। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान एमए. भूगोल के छात्र दानियल कुमार एवं द्वितीय स्थान बीएससी. द्वितीय वर्ष की छात्रा गरिमा को मिला। विश्व एड्स दिवस के अवसर पर 1 दिसंबर को महाविद्यालय के छात्र–छात्राओं ने महाविद्यालय परिसर से बघमरा गांव होते हुए अर्जुन्दा रोड तक रैली निकालकर एड्स के प्रति ग्रामवासियों को जागरूक किया। साथ ही साथ छात्र–छात्राओं ने नुक्कड़–नाटक के माध्यम से युवा पीढ़ी को संदेश दिया कि एड्स के प्रति जागरूकता ही एड्स से बचाव है।

महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. चंदना बोस ने बताया कि विश्व एड्स दिवस के अवसर पर महाविद्यालय में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से छात्र–छात्राओं को एड्स के बारे में जागरूक किया गया। वहीं, छात्र–छात्राओं के माध्यम से समाज को एड्स के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया गया।


## पाठक सूचना

बालोद जिले में **हरिभूमि** समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9425559113, 9425565082

दल्लीराजहरा - 9993246100

## खबर संक्षेप

### छग कलार समाज ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात, दिया न्योता

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ कलार समाज द्वारा दीनदयाल ऑडिटोरियम में 25 दिसंबर को प्रदेश स्तरीय युवक-युवती सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इस सम्मलेन में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल व प्रदेश अध्यक्ष युवराज सिन्हा के नेतृत्व में समाज के प्रतिनिधिमण्डल ने मुलाक़ात कर आमंत्रण देकर आमंत्रित किया। इस दौरान पिछले साल सोरर महोत्सव में की गई घोषणा को तुरंत क्रियान्वित करने मुख्यमंत्री से अनुरोध किया, जिस पर मुख्यमंत्री श्री साय ने तुरंत 25 लाख रुपए भवन तथा 8 लाख प्रतिवर्ष सोरर महोत्सव के लिए स्वीकृति करने के लिए निर्देशित किया। इस मौके पर प्रतिनिधिमंडल में डॉ. किशोर सिन्हा, राजेंद्र सिन्हा, कृपाराम सिन्हा, शांतनु सिन्हा, गौरव डडसेना उपस्थित रहे।

### टाउनशिप में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के नगर सेवाएँ विभाग के अन्तर्गत टाउन इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग द्वारा वार्षिक रखरखाव व मेंटेनेंस के लिए टाउनशिप में 2 दिसम्बर से 7 दिसम्बर के मध्य विभिन्न स्थानों में विद्युत आपूर्ति प्रभावित रहेगी । प्रभावित होने वाले क्षेत्र हैंः- 2 दिसम्बर को जेएलएन हॉस्पिटल के कुछ क्षेत्र, 3 दिसम्बर को खुर्सीपार जोन-2 व 3, 4को जेएलएन हॉस्पिटल के कुछ क्षेत्र, सेक्टर-6 व 9, रूआबांधा, वाटर ट्रीटमेंट प्लांट, 5 दिसम्बर को टेलीफोन एक्सचेंज सेक्टर-05, सेक्टर-6 का एक तिहाई हिस्सा, सेक्टर-5, टीए बिल्डिंग, 6 दिसम्बर को सेक्टर-6 का एक तिहाई हिस्सा, सेक्टर-2 का आधा हिस्सा, बीएमडीसी व रसियन कॉम्पलेक्स तथा 7 दिसम्बर को मरोदा व रिसाली सेक्टर। उक्त क्षेत्रों 10 बजे से 1.30 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग ने संबंधित क्षेत्र के निवासियों से सहयोग की अपील की है।

### सीनियर सेकेंडरी स्कूल सेक्टर-10 में क्रिएटिविटी सत्र

**भिलाई।** बीएसपी सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सेक्टर-10, में क्रिएटिविटी पर आधारित सत्र आयोजित किया गया । सत्र को पूर्व निदेशक शिपिंग कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड एसपीएस जग्गी ने सम्बोधित किया। महाप्रबंधक शिखा दुबे, प्रधानाचार्य सुमिता सरकार उपस्थित थे। श्री जग्गी ने सहयोग, सतर्कता और जिज्ञासा आदि सिद्धांतों को छात्रों को उदाहरणों के साथ समझाया । नवमी से बारहवीं तक के तीस छात्रों ने इस सत्र में भाग लिया, जिन्हें छह टीमों में बांटा गया। इन टीमों को अपना नाम रखने को कहा गया, और इन टीमों - वेद, वायु, ब्रेनस्टॉर्मर्स, ड्रीमरर्स, बोल्ट व एक्सपैंडर्स ने विभिन्न गतिविधियों में भाग लेकर कुछ नया सृजनात्मक सोचने की कोशिश की।

### ईपीएस-95 पेंशन में भेदभाव खत्म करें: सांसद बघेल

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के 16 हजार से अधिक पूर्व कर्मियों को उच्च पेंशन से लंबे समय से वंचित रखने के मुद्दे को लेकर, सांसद विजय बघेल ने श्रम एवं रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया से दिल्ली में मुलाकात की। सांसद ने ईपीएफओ रायपुर की /मनमानी/ और सुप्रीम कोर्ट के 4 नवंबर के आदेश की अवहेलना का आरोप लगाते हुए तत्काल समाधान की मांग की। उच्च पेंशन से वंचित बीसपी के पूर्व कर्मी सांसद विजय बघेल से मिल कर ईपीएफओ रायपुर के ढुलमुल रवैये से अवगत कराते हुए हस्तक्षेप का अनुरोध किया था, । श्री बघेल ने इसे उच्च स्तर तक उठाने का आश्वासन दिया था । सांसद ने मंत्री को बताया कि ईपीएफओ रायपुर ने सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के अनुसार कर्मियों से15-30 लाख रुपए की अंतर राशि जमा करवाई, लेकिन बाद में यह राशि लौटा दी और पेंशन देने से इनकार कर दिया। उन्होंने इसे कानून के पालन में बाधा और वरिष्ठ नागरिकों के साथ अन्याय करार दिया। उन्होंने सेल की अन्य इकाइयों में दी जा रही उच्च पेंशन से बीएसपी के कर्मियों क वंचित रखने के भेदभावपूर्ण रवैये से भी अवगत कराया। केंद्रीय मंत्री मांडविया ने समस्या के निदान का आश्वासन दिया है।

# मंत्री, विधायक चला रहे नगर निगम, अधिकारियों पर भाजपा नेताओं का दबाव

## महापौर एजाज ढेबर ने राज्य सरकार पर लगाए आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

महापौर एजाज ढेबर ने कहा, नगर निगम को शहर के 4 विधायक और मंत्री चला रहे हैं। निगम के अधिकारियों पर भाजपा नेताओं का दबाव है। महापौर एजाज ढेबर ने शनिवार को गांधी सदन में पत्रकारों से चर्चा करते हुए इस आशय के आरोप लगाए।

चर्चा में उन्होंने कहा शहर की ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने के नाम पर नगर निवेश अमला 70 वार्डों में गरीबों के ठेले और गुमटियों को जिस तरह से हटा रहा है, वह गलत है। 20 साल से फूल चौक पर ठेला, गुमटी लगाकर आजीविका चलाने वाले लोगों को बिना व्यवस्थापन के हटाया गया। इसकी जानकारी न मेयर को दी गई और न ही परिषद को इसकी जानकारी है। परिषद से चर्चा किए बिना नगर निवेश के अधिकारियों ने यह एक्शन लिया है।

एनआईटी के सामने भी गरीब व जरूरतमंद लोगों के ठेले व गुमटियों को हटाकर ग्रिल लगा दी गई। वहीं बूढ़ातालाब में लोगों के विरोध के बाद भी चौपाटी का काम तेजी से चल रहा है। यह तो दोहरा मापदंड है।

बूढ़ातालाब के पास बन रही चौपाटी का विरोध करते हुए महापौर एजाज ढेबर ने कहा कि डबल स्टोरी चौपाटी जहां बन रही है, वहां से दानी स्कूल, डिग्री कालेज का व्यू सीधा दिख रहा है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश की अनदेखी कर तालाब के 100 मीटर दायरे में चौपाटी खोली जा रही है, जो गलत है।



### मच्छर उन्मूलन में हुआ भ्रष्टाचार

महापौर ने कहा कि शहर में मच्छरों की समस्या दूर करने हमारी मंशा ग्लोबल टेंडर बुलाने की थी, लेकिन अफसोस की बात है, यह ग्लोबल टेंडर नहीं हुआ और दुर्ग की एक एजेंसी को काम दिया गया है, जो कि पूरी तरीके से मच्छर उन्मूलन में फेल रही है। दो माह में कंपनी को 65 लाख का भुगतान कर दिया गया है, जबकि उसका परफार्मेंस जीरो रहा है। मच्छर उन्मूलन के नाम पर बड़ा भ्रष्टाचार हुआ है। सोमवार को एमआईसी की बैठक में हम इस मुद्दे को गंभीरता से उठाएंगे। महापौर ने नगर निगम में यूनीपोल घोटाला की कैट से जांच करवाए जाने की मांग की है।

# अफीम तस्करी, तीन तस्कर गिरफ्तार 350 ग्राम बरामद



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

डीडीनगर थाने की पुलिस ने अफीम तस्करी करने के आरोप में तीन अंतर्राज्यीय तस्करों को गिरफ्तार किया है।

■ डीडीनगरह थाने की पुलिस ने की कार्रवाई

पुलिस ने तस्करों के कब्जे से पौने तीन लाख रुपए कीमत की साढ़े पांच सौ ग्राम अफीम तथा नकदी 20 हजार रुपए जब्त किए हैं। तस्कर मध्यप्रदेश, रतलाम से रायपुर में अफीम डिलीवरी देने के लिए आए थे। इसी दौरान जांच के दौरान पुलिस ने तस्करों की कार की तलाशी लेते हुए अफीम जब्त की। पुलिस के मुताबिक अफीम तस्करी करने के आरोप में रायपुर, कबीर नगर हीरापुर निवासी अमरीक सिंह, मध्यप्रदेश, रतलाम निवासी किशोर दमामी तथा राधेश्याम चौहान को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार अमरीक सिंह ने किशोर तथा उसके साथी से संपर्क कर अफीम मंगवाया था। पुलिस को जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक अमरीक सिंह स्वयं अफीम का नशा करता है, उसने अपने लिए अफीम मंगवाया था। पुलिस से बचने तस्करों ने अफीम को कार की सीट के निचे छिपाकर रखा था।

# कैट ने थोक कपड़ा व्यापारी संघ पंडरी के नवनियुक्त अध्यक्ष का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर




सीजी चेप्टर कैट की टीम ने राजधानी के प्रदेश कार्यालय में बैठक आयोजित कर पंडरी थोक कपड़ा व्यापारी संघ के नव नियुक्त अध्यक्ष सरल मोदी और उनकी टीम का मोती माला पहनाकर स्वागत किया।

■ सरल मोदी और उनकी टीम का मोतीमाला पहनाकर स्वागत

कैट के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी की अध्यक्षता में हुई बैठक में कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानन्द जैन सहित कैट एवं युवा टीम के पदाधिकारी शामिल हुए।

दरअसल, गत दिनों सिंधु भवन देवेंद्र नगर पंडरी में आगामी दो वर्षों के लिए कपड़ा व्यापारी संघ पंडरी के अध्यक्ष चुनने चुनावी आमसभा आयोजित की गई। इस आमसभा में सभापति प्रकाशचंद सुराना और पदम डाकलिया ने चुनाव संचालन करते हुए सभी औपचारिकताएं पूर्ण कीं। इस दौरान सरल मोदी को निर्विरोध अध्यक्ष बनाया गया। महासचिव पद पर प्रकाशचन्द अग्रवाल , कोषाध्यक्ष शान्ति लाल बरडिया नियुक्त नियुक्त किये गये। जयचंद नवानी को उपाध्यक्ष एवं राजकुमार दरिया सचिव, मूलचंद जैन, सुशील दरिया कार्यकारिणी के रूप में नियुक्त किए गये।

इस मौके पर कैट के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी, प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र दोशी ने कहा कि व्यापारिक संघ की चुनाव प्रक्रिया में आपसी सहमति से नये कार्यकाल के लिए पदाधिकारी नियुक्ति की जानी चाहिए। व्यापारिक संगठनो मे निर्विरोध चुनाव होने से आपस में भाईचारा बना रहता है। सभी व्यापारिक संगठनों के संगठित होने पर व्यापारी समाज मजबूत होगा ।जिससे व्यापारिक संघ में मन -मुटाव कि स्थिति नहीं होती है। ये आपसी सहमति से संभव है। वर्तमान में गुरूनानक चौक व्यापारी संघ एवं थोक कपड़ा व्यापारी संघ पंडरी का चुनाव एक मिसाल है। जिसे अन्य व्यापारी संघों को अमल करना चाहिए।

बैठक में कैट एवं युवा टीम के पदाधिकारी मुख्य रूप से उपस्थित रहे इनमें वासु माखीजा, सुरिन्द्र सिंह, भरत जैन, कैलाश खेमानी, जयराम कुकरेजा, महेन्द्र कुमार बागरोड़िया, महेश जेठानी, नरेश पाटनी, प्रीतपाल सिंह बग्गा, नागेन्द्र तिवारी, मोहन वर्ल्यानी, विजय पटेल, दीपक विधानी, रतनदीप सिंह, मनीष सोनी, शैलेन्द्र शुक्ला, सुशील लालवानी, लालवानी, अमित गुप्ता सहित अन्य पदाधिकारी शामिल हैं।

# चोरी का आरोपी चेन स्नैचिंग के आरोप में साथी के साथ गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

तेलीबांधा पुलिस तथा क्राइम की टीम ने चोरी के आरोप में जेल जा चुके बदमाश तथा उसके एक अन्य साथी को चेन स्नैचिंग के आरोप में गिरफ्तार किया है। बदमाशों ने दस दिन पूर्व अवंति विहार में पूजा करने मंदिर जा रहे व्यक्ति के गले से चेन लूट की थी। पुलिस के मुताबिक चेन स्नैचिंग के आरोप में जेल जा चुके कुलेश्वर साहू तथा उसके साथी टुकेश कुमार साहू को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार दोनों बदमाशों को महेश्वर सिंग साहू की शिकायत पर गिरफ्तार किया गया है। महेश्वर ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि 22 नवंबर को वह सुबह सात बजे मंदिर पूजा करने जा रहा था। इस दौरान अवंति विहार तालाब के पास मुंह में स्कार्फ बांधे युवक महेश्वर के करीब पहुंचा और उसके गले से चेन लूटकर मौके से फरार हो गया। पुलिस के अनुसार महेश्वर के कहने पर टुकेश्वर ने चेन स्नैचिंग की थी। पुलिस ने दोनों बदमाशों को मुखबिर की सूचना तथा सीसीटीवी फूटेज के आधार पर गिरफ्तार किया है।



■ दस दिन पूर्व मंदिर जा रहे व्यक्ति के गले से चेन स्नैचिंग की थी

# हादसे में कटा हाथ, हौसले से हासिल की मंजिल, पीएससी पास कर बना सहकारी निरीक्षक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मन में अगर कुछ कर गुजरने का माद्दा हो, तो सारी चुनौतियां छोटी हो जाती हैं। विद्युत विभाग के संविदा कर्मचारी ने ऐसी ही चुनौती स्वीकारी और अपनी मंजिल हासिल कर ली। एक हादसे में उसका हाथ कट गया था। सहानुभूति के बजाए उसे ताने सुनने मिले, मगर उसने हार नहीं मानी। कड़ी मेहनत कर उसने सीजीपीएससी की परीक्ष पास की और शासकीय सेवा में अफसर बन गया।

■ हादसे में कट गया था हाथ, कड़ी परीक्षा पास कर बना अफसर

सीजीपीएससी की परीक्षा में अव्वल दर्जे से पास हुए लोकनाथ साहू का चयन सहकारी निरीक्षक के रूप में हुआ है। लोकनाथ साहू इसके पहले बेमेतरा में बिजली विभाग में संविदा कर्मचारी था। कुछ समय पहले काम करने के दौरान करंट लगने से वह बुरी तरह झुलस गया। काफी इलाज के बाद भी उसका बायां हाथ बचाया नहीं जा सका। विपत्ति तब टूट पड़ी जब विभाग द्वारा उसकी कोई सहायता नहीं की गई। उल्टे उसे नौकरी से यह कहकर निकाल दिया गया कि वह अब काम करने के लायक नहीं है।



### साधारण परिवार से रखते हैं ताल्लुक

विभागीय फैसले के खिलाफ उसने न्यायालय की लंबी लड़ाई लड़ी और अपना हक हासिल किया। साधारण किसान परिवार से ताल्लुक रखने वाले लोकनाथ के सामने जीवन एक बड़ी चुनौती के रूप में खड़ी थी। उसने आने वाली तमाम रुकावटों का डटकर सामना किया और बड़ा मुकाम हासिल करने में सफलता पाई। उसने कड़ी मेहनत करते हुए सीजी पीएससी 2023 की परीक्षा में भाग्य आजमाया। मेहनत रंग लाई.. अच्छे नंबर और रैंक के साथ उसने सफलता हासिल की तथा लोगों को सामने उदाहरण प्रस्तुत किया।

# नगरीय निकाय के प्लेसमेंट कर्मचारी 3 दिसंबर से करेंगे अनिश्चितकालीन हड़ताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ नगरीय निकाय प्लेसमेंट कर्मचारी महासंघ के आव्हान पर प्रदेशभर के 184 नगरीय निकायों के 20 हजार प्लेसमेंट कर्मचारी अपनी 3 सूत्रीय मांगों को लेकर 3 दिसंबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर रहेंगे। राजधानी में शनिवार को महासंघ की प्रदेश स्तरीय बैठक में इस आशय का निर्णय लिया गया। बैठक में महासंघ के पदाधिकारी और जिला अध्यक्ष मौजूद रहे।

■ हादसे में कट गया था हाथ, कड़ी परीक्षा पास कर बना अफसर

नगरीय निकाय चुनाव से पहले प्रदेशभर के नगरीय निकाय प्लेसमेंट कर्मचारियों ने अपनी लंबित मांगों को लेकर राज्य शासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। लामबंद कर्मचारी 3 दिसंबर से काम ठप कर लंबित मांगों को लेकर आवाज बुलंद करेंगे। महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष संजय ऐड़े ने बताया कि राजधानी रायपुर के तूता स्थित धरनास्थल पर रिनोवेशन का काम चलने से धरना प्रदर्शन की अनुमति नहीं मिली, इसलिए रायपुर को छोड़कर प्रदेश के सभी जिलों में 19 नवंबर से आंदोलन लगातार जारी है। अब 3 दिसंबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने का फैसला लिया गया है।




### 3 सूत्रीय मांग इस तरह

- नगरीय निकायों में प्लेसमेंट ठेका प्रथा को तत्काल बंद करने की मांग।
- नगरीय निकाय प्लेसमेंट कर्मचारियों को निकायों में 5 से 10 साल सेवा के बाद समायोजन कर एक निश्चित अवधि में नियमित किया जावे।
- संबंधित निकायों द्वारा प्लेसमेंट कर्मचारियों के बैंक खाते में वेतन भुगतान करने की मांग।

# शराब दुकान के सुपरवाइजर ने किया गबन, एजेंसी कर्मचारियों से पैसा वसूलने बना रही दबाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

गंज स्थित कंपोजिट शराब दुकान के कर्मचारियों ने सुपरवाइजर द्वारा गबन किए गए साढ़े 16 लाख रुपए की वसूली के लिए प्लेसमेंट एजेंसी के खिलाफ दबाव बनाने तथा जेल भेजने के आरोप लगाए हैं। दुकान में काम करने वाले कर्मचारियों के मुताबिक प्लेसमेंट एजेंसी ने रकम वसूलने उनकी दोपहिया जब्त करने सहित दो महीने की सैलेरी नहीं देने तथा सैलेरी से रकम काटे जाने का आरोप लगाया है। शराब दुकान कर्मचारियों ने इसकी लिखित शिकायत एसएसपी कार्यालय सहित अन्य संबंधितों के पास की है।

■ 13 नवंबर को ऑडिट करने के दौरान मिली साढ़े 16 लाख रुपए की गड़बड़ी


कंपोजिट शराब दुकान में काम करने वाले एक कर्मचारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया है कि दुकान के सुपरवाइजर विकाश शर्मा ने धीरे-धीरे कर साढ़े 16 लाख रुपए गबन किया है। ऑडिट में पकड़े जाने के बाद विकाश ने तीन लाख रुपए जमा किया। शेष राशि नहीं देने पर प्लेसमेंट एजेंसी वीआईएस कर्मचारियों पर पैसा जमा करने दबाव बना रही है। साथ ही पैसा नहीं देने पर जेल भेजने की धमकी दे रही है।




### दो महीने की सैलरी रोक दी

कर्मचारी के अनुसार प्लेसमेंट एजेंसी ने उन लोगों से सैलेरी का पैसा काटने के साथ दो महीने की सैलेरी रोक दी है। पैसा नहीं देने पर कई कर्मचारियों की प्लेसमेंट एजेंसी ने उनकी बाइक जब्त कर ली है। कर्मचारी के अनुसार सुपरवाइजर की गड़बड़ी सामने आने पर प्लेसमेंट एजेंसी ने एक कर्मचारी को छोड़ शेष अन्य आठ कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया है।

# बजरंगबली के जयकारों से गूंजा शहर, भंडारे में उमड़े श्रद्धालु



**रायपुर।** अमावस्या पर्व के अवसर पर बूढ़ेश्वर चौक स्थित श्री संकटमोचन हनुमान मंदिर के प्रांगण में शनिवार को छत्तीसगढ़ की सुख, शांति, समृद्धि के लिए पूजा-अर्चना की गई। साथ ही प्रसाद वितरण किया गया, जिसमें भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। साथ ही माहौल बजरंगबली के जयकारों से गूंजता रहा। इस मौके पर कार्यक्रम के आयोजक महंत राजेश शर्मा ने बताया कि हनुमान मंदिर में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। यहां दिनभर प्रसाद वितरण का सिलसिला जारी रहा। मंदिर में मेले जैसा दृश्य नजर आया। साथ ही रामचरित मानस का अखंड पाठ किया गया।



## पीएम से दो गेट की मांग, स्टेशन में हुआ फुटओवरब्रिज का निर्माण, एसकेलेटर निर्माणाधीन

# पावरहाउस बन रहा मॉडल स्टेशन एक ही गेट से बुजुर्गों को होगी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

पावरहाउस रेलवे स्टेशन को मांडल स्टेशन के रुप में विकसित किए जाने के दौरान कुछ सुविधाओं को नजरंदाज किया जा रहा है। इससे यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस मामले में छग प्रदेश कांग्रेस अन्य पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रांतीय उपाध्यक्ष राजेंद्र ताम्रकार ने प्रधानमंत्री को पत्र भेजकर स्टेशन के फ्रंट साइड में एक के बजाए दो गेट निर्माण कराने के साथ अन्य समस्याओं के निदान की मांग की गई थी। पीएमओ के पत्र को संज्ञान में लेने के बाद डीआरएम ने स्टेशन में समस्याओं का सर्वेक्षण कराने का भरोसा दिलाया है।

■ ताम्रकार के पीएम को लिखे पत्र बाद डीआरएम ने दिलाया भरोसा, सर्वे बाद सुझावों पर होगा अमल



उल्लेखनीय है कि पीएम की देश के 5 सौ रेलवे स्टेशनों की माडल स्टेशन के रुप में विकसित किए जाने की योजना के तहत पावरहाउस स्टेशन का भी पुनर्विकास किया जा रहा है। रेलवे द्वारा 27 करोड़ की लागत से इस स्टेशन का नवनिर्माण किया जा रहा है। यहां विस्तार व सौंदर्यीकरण के साथ कई यात्रियों के लिए नई सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। संधारण कार्य के दौरान पावरहाउस स्टेशन के जीई रोड की ओर मात्र एक ही गेट का निर्माण किया जा रहा है। इससे यात्रियों को असुविधा होगी। इस मामले में छग प्रदेश कांग्रेस अन्य पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेंद्र ताम्रकार ने प्रधानमंत्री मोदी को पत्र भेजकर स्टेशन में एक के बजाए दो प्रवेश द्वार निर्माण कराए जाने की मांग की थी। पत्र में मांग की गई कि दो गेट बनने से दिव्यांगों और बुजुर्गों को आवाजाही में सुविधा होगी।

क्योंकि एकमात्र गेट होने से दिव्यांगों, सीनियर सिटीजनों और महिलाओं को आवागमन में परेशानी होगी। इसे देखते हुए जीई रोड की ओर दो गेट का निर्माण करवाया जाए। साथ ही दो गेट सायकल स्टैंड के पास भी बनें। उन्होंने बताया कि पीएमओ द्वारा पत्र को संज्ञान में लेने की जानकारी दी गई है। अब निर्मात्री कंपनी को जल्द दूसरे गेट का निर्माण शुरु कराना चाहिए। स्टेशन में अब तक सेक्टर 1 साइड से फुट ओवरब्रिज का निर्माण हो चुका है और एसकेलेटर निर्माण आदि का कार्य चल रहा है।

# कोविड में चिकित्सकीय प्रबंधन थी बड़ी चुनौती, हिला गया प्लेन हादसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

देश दुनिया में सेल की ध्वजवाहक इकाई औद्योगिक तीर्थ की सामाजिक समरसता और कीर्तिमानी लंबी यात्रा के सहयात्री होने का गर्व उन्हें हरदम रहा। उनकी सदैव भरसक कोशिश रही कि देश की बेकबोन माने जाने वाले जिस मेगा उपक्रम ने उन्हें सब कुछ दिया, वे भी अपना सर्वोत्कृष्ट दें।

दिलो-दिमाग में इसी फीलिंग और संकल्प के साथ पायदान दर पायदान चढ़ते दिली सूकून के बाद कब दीर्घ सेवाकाल की सांध्यवेला आ गई पता ही नहीं चला। उन्होंने आज आखिरी बार भरे दिल से अपने उस सेकंड होम माने जाने वाले आफिस की चेयर और मेज के महती वर्किंग व डिजाइनिंग की यादों से जुड़े कंप्यूटर व फोन को देखा, जहां से वे सफलता से रुटीन काम के साथ हर प्रबंधकीय चुनौतियों को अवसरों में बदल फौलादी संस्कृति को समृद्ध करने में अवदान देते रहे। और फिर कंपकंपाती उंगलियों से लिखा-हार्टली थैंग्स भिलाई इस्पात संयंत्र...। सेल भिलाई इस्पात संयंत्र के महाप्रबंधक ( पीआरडी) जेकब कुरियन .. चार दशकों के अपने दीर्घ सेवाकाल के बाद आज 30 नवंबर को जब सेवानिवृत्त हुए तो उनके दिल में गर्वानुभूति के साथ चेहरे पर दिली सकून तो था ही जन संपर्क कार्यालय का माहौल भी भावभीना हो गया। यहां अंतिम मर्तबा हाथ मिलाते और शुभकामनाएं देते हुए सहकर्मचारी और अधिकारी भी भावविभोर हो गए।

## खबर संक्षेप




### किसानों की समस्याओं को लेकर जिला कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

**रायपुर।** किसानों को धान खरीदी में हो रही समस्याओं के विरोध में शनिवार को जिला कांग्रेस रायपुर ने प्रदर्शन किया। साथ ही कांग्रेस भवन में आंदोलन की रूपरेखा बनाकर किसानों की समस्याओं की विस्तार से जानकारी दी। इस मौके पर जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष उधोराम वर्मा ने किसानों को बारदाना, टोकन एवं एक बार में 3100+117 रुपए देने की मांग को लेकर जिला स्तरीय कमेटी, ब्लॉक स्तर में खरीदी केंद्र स्तरीय समिति बनी है, जो किसानों के हित में हर समस्या के लिए किसानों के साथ संघर्ष करने की बात कही। साथ ही व्यवस्था में सुधार, किसानों को राहत के लिए जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर द्वारा जिलाधीश के नाम ज्ञापन सौंपा। व्यवस्था में सुधार नहीं होने पर आंदोलन किया जाएगा। ज्ञापन सौंपने वालों में प्रकाश बांधे, भावेश बघेल, कृपाराम निषाद, मोहन वर्मा, धनराज मध्यानी, कन्हैया यादव, दिनेश ठाकुर, केशरी मोहन साहू, प्रशांत गोस्वामी, सुनील सोनी, देवा टंडन, चूड़ामणि, संतोष पल भूषण साहू, अरुण शुक्ला, रहमत उल्ला खान, देवेंद्र मिश्रा, प्रणव ठाकुर, श्रवण निषाद सहित सैकड़ों कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

### पेंशनरों ने की डॉ. रमन से मुलाकात

**रायपुर।** भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ छत्तीसगढ़ प्रदेश के प्रांताध्यक्ष वीरेंद्र नामदेव के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार को विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से उनके निवास में मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने मध्यप्रदेश राज्य पुनर्गठन अधिनियम 2000 की धारा 49 को विलोपित करने और विधानसभा में शासकीय संकल्प पारित करने ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल में महासंघ के प्रांतीय महामंत्री अनिल गोल्हानी, कोषाध्यक्ष बीएस दसमेर, रायपुर जिला अध्यक्ष आरजी बोहरे, पीआर काटोलकर शामिल थे।

### योगेश अध्यक्ष, विपिन बने पेवा के सचिव

**रायपुर।** महाराष्ट्र भवन में शुक्रवार को आयोजित प्रैक्टिसिंग इंजीनियर वेलफेयर एसोसिएशन (पेवा) की वार्षिक सामान्य सभा में इंजीनियर योगेश शर्मा को अध्यक्ष बनाया गया। अन्य पदाधिकारियों में इं. विपिन शर्मा को सचिव, इं. महेश पोपटानी को कोषाध्यक्ष इं. राजेश जैन को कोषाध्यक्ष व इं. साहित्य राव को उपसचिव चुना गया। इस मौके पर पेवा की एजीएम में पहुंचे राजधानी के इंजीनियर्स ने महाराष्ट्र मंडल के नवनिर्मित भवन का निरीक्षण भी किया। सभी इंजीनियर्स ने मंडल के अध्यक्ष अजय मधुकर काले को इतने व्यवस्थित व वैभवपूर्ण भवन का निर्माण कर समाज व नगर के लिए एक अमूल्य संपत्ति उपलब्ध कराने के लिए बधाइयां दीं। इस अवसर पर सीएस पिल्लीवार, एसके अग्रवाल, आलोक महावर, नवीन शर्मा, प्रशांत बानी, हरीश पुरोहित, मनीष पिल्लीवार, नीलकंठ अग्रवाल, शैलेंद्र शर्मा सहित शहर के अनेक प्रतिष्ठित प्रैक्टिसिंग इंजीनियर उपस्थित रहे।



# एक भाई का सीजीपीएससी में चयन, दूसरा बना सब इंस्पेक्टर, ग्रामीणों ने किया सम्मान

## ग्राम पैरी निवासी शिक्षिका पुष्पा माहेश्वरी के दोनों बेटे युवाओं के लिए बने प्रेरणास्रोत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

गुण्डरदेही विकासखंड अंतर्गत ग्राम पैरी निवासी शिक्षिका पुष्पा माहेश्वरी के दोनों बेटों ने एक साथ सफलता की बुलंदियों को छुआ है।

उनके बेटे यशपाल छत्तीसगढ़ लोकसेवा आयोग की परीक्षा में 26 वीं रैंक लाकर अधिकारी बने हैं, तो वहीं उनके दूसरे बेटे का चयन भी कुछ दिन पूर्व सब इंस्पेक्टर के पद पर हुआ है। दोनों भाइयों के चयन से गाँव की अपनी अलग पहचान बनी है। यहां के युवा अपनी काबिलियत और पहचान से नया मुकाम हासिल कर रहे हैं। युवाओं की इस सफलता पर खुशियों का नजारा रविवार को उनके गाँव में देखा गया। इनके चयन होने की खुशी में कई घरों में आरती करके दोनों युवाओं का भव्य स्वागत और अभिनंदन किया गया। इस मौके पर न केवल पैरी के लोग बल्कि क्षेत्रभर के कई लोग इन युवाओं के स्वागत में आतुर दिखे। जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र चंद्राकर, पूर्व जनपद अध्यक्ष भानुमति साहू ने भी ग्राम पैरी पहुँचकर दोनों युवाओं से भेंट की। जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र चंद्राकर ने कहा कि यह हमारे क्षेत्र और बालोद जिले के लिए गर्व की बात है कि हमारे युवा साथी पीएससी की प्रतिष्ठित परीक्षा में सफल हुए हैं।



### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर जनपद सदस्य रमादेवी राजपूत, सरपंच रुपम देशमुख, रोशन ठाकुर, नारायण माहेश्वरी, संतोष गुप्ता, दिनेश पिपरिया, लोमन साहू, योगेंद्र सोनबोईर, मनीष सेन, तुलसी निषाद, सन्नी भाटिया, पन्ना साहू, नवदीप साहू, तुलसी निषाद, इंद्रभान देशमुख सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण व शुभचिंतक उपस्थित थे

## कुर्मी क्षत्रिय समाज जिला बालोद के पदाधिकारियों के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए सांसद

# हमारे पुरखों ने दिया एक रहने का संदेश : विजय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

छत्तीसगढ़ प्रदेश कुर्मी क्षत्रिय समाज जिला बालोद के पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह कुर्मी भवन बालोद में हुआ। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ प्रदेश कुर्मी क्षत्रिय समाज के प्रदेश अध्यक्ष दुर्ग सांसद विजय बघेल मुख्य अतिथि थे। जिले के सभी छह तहसीलों के लगभग 200 पदाधिकारियों ने शपथ ली।

- जिले के सभी छह तहसीलों के लगभग 200 पदाधिकारियों को दिलाई गई शपथ

विजय बघेल ने कहा कि हमारे पुरखों ने हम सबको एक रहने का संदेश दिया है। हमारे समाज के महापुरुषों ने अखंड भारत की कल्पना की थी। आज हम उसी दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। श्री बघेल ने कहा कि बालोद पहला जिला है, जहां गांव-गांव के लोगों को जोड़ने का काम हुआ है। 2008 में विशाल रैली के साथ शुरू हुई यह सामाजिक एकता आज तेज गति से आगे बढ़ रही है। बालोद में आयोजित कुर्मी संझा जो ऐतिहासिक थी, उसे लोग आज भी याद करते हैं।

विशिष्ट अतिथि अध्यक्ष छत्तीसगढ़ प्रदेश युवा कुर्मी क्षत्रिय समाज योगेश्वर देशमुख, पूर्व जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के अध्यक्ष प्रीतपाल बेलचंदन उपस्थित थे। स्वागत भाषण जिला अध्यक्ष सुरेंद्र देशमुख ने देते हुए बताया कि जिले की नई कार्यकारिणी के सभी साथी ऊर्जावान हैं। समाज को आगे ले जाने कटिबद्ध हैं। उन्होंने बताया कि जिले के 231 गांवों में कुर्मी समाज के लोग निवास करते हैं। प्रीतपाल बेलचंदन ने कहा कि समाज को एक रखने का प्रयास हमारे पूर्वजों ने बेहतर ढंग से किया था।

आज उनके पद चिन्हों में चलने का अवसर है। हमें राजनीति के क्षेत्र में मजबूत होना होगा। संचालन महामंत्री चेमन देशमुख व कोमल देशमुख ने किया।






### इन्होंने ली शपथ

छत्तीसगढ़ प्रदेश कुर्मी क्षत्रिय समाज के जिला बालोद अध्यक्ष सुरेंद्र देशमुख, संरक्षक बृजेश चंद्राकर, छगन देशमुख एवं संजय चंद्राकर, उपाध्यक्ष तेज राम देशमुख, आरके वर्मा, राजेश चंद्राकर, कृष्ण कुमार वर्मा, महासचिव चेमन देशमुख, सहित सभी पदाधिकारियों ने शपथ ली। कार्यक्रम में पहुंचे अतिथियों का भव्य स्वागत किया गया। अतिथियों ने कुर्मी भवन के सामने स्थापित शिवाजी की मूर्ति पर माल्यार्पण कर पूजा अर्चना की।

### बालिकाओं ने दी रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति

इस अवसर पर समाज की बालिकाओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। तेजेश्वनी देशमुख, भूमिका देशमुख, यामिनी देशमुख, युक्ति देशमुख, शिवानी देशमुख, पलक देशमुख एवं चमन देशमुख ने रंगारंग प्रस्तुति दी। इस अवसर पर केंद्रीय महिला अध्यक्ष दिल्लीवार कुर्मी क्षत्रिय समाज प्रीति देशमुख, षडेंद्र देशमुख, वाईके देशमुख, रमेश हरदेल, भूपेंद्र दिल्लीवार, योगेंद्र देशमुख, आशीष दिल्लीवार, गामन सुकतेल, देवेंद्र हरमुख, चिंतामणि देशमुख सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।



## कवि श्रवण सोनी के काव्य संग्रह लोरी गाई बूंदों ने का हुआ विमोचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

श्रवण सोनी द्वारा प्रकाशित काव्य संग्रह लोरी गाई बूंदों ने का विमोचन ग्राम टिकरी के दुर्गामंच में साहित्यकारों द्वारा किया गया।

मुख्य अतिथि अर्जुन्दा निवासी गीतकार एवं कवि मिथलेश शर्मा ने कहा कि अर्जुंदा के साहित्यिक गौरव में एक और वृद्धि हुई है, कवि श्रवण सोनी की यह प्रथम कृति है जिसे पढ़कर उनमें साहित्य की अनेक संभावनाएं दिखाई देती हैं, भविष्य में वे और अच्छी रचनाएं समाज को देंगे ऐसा विश्वास है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे लोक गायक एवं साहित्यकार सीताराम साहू श्याम ने किताब पर सार्थक चर्चा करते हुए कहा कि लोरी गाई बूंदों ने इस काव्य संग्रह में कवि ने वर्षा की बूंदों का मानवीकरण कर लोरी गाती मां के वात्सल्यमय स्वरूप का भावपूर्ण वर्णन किया है। इस किताब में कवि ने अनेक विषयों पर अपनी कलम चलाई है, सभी में सकारात्मक संदेश है। विशेष अतिथि के रूप में राजभाषा आयोग के अध्यक्ष डा अशोक साहू, प्रांतीय छत्तीसगढ़ी साहित्य समिति के जिला अध्यक्ष केशवराम साहू, उद्घोषक कवि गजपति राम साहू, जनप्रतिनिधि पूर्व सरपंच रितेश देवांगन, सतनामी समाज के अध्यक्ष संतलाल कुर्रे उपास्थित हुए। विमोचन पश्चात कवि सम्मेलन में हर्षा देवांगन, पुष्कर सिंह राज, एस एल गंधर्व, योगेश छत्तीसगढ़िया, गुमान सिंह साहू, बिशेसर साहू ने काब्य पाठ किया। युवा साहित्यकार डिगेन साहू ने मंच संचालन किया। ग्रामवासी भुवनसिन्हा, दिलेश्वर साहू, जितेंद कुर्रे, मुरलीधर, ईश्वरी सारंग, छगन साहू, गीता सोनी, ललिता साहू, जया साहू, जयश्री देशमुख, दीपा साहू, रोशन मंडले, लोचन देशमुख उपस्थित थे।

## कोर कमेटी में भी नगरीय निकाय पंचायत चुनाव साथ कराने पर मंथन

**रायपुर।** भाजपा ने नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव की तैयारी को लेकर शनिवार को कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में बड़ी बैठक की है। पहले तीन संभागों बिलासपुर, सरगुजा और बस्तर की बैठक हुई। इसके बाद कोर कमेटी की बैठक की गई। कोर कमेटी की बैठक में भी नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव साथ कराने पर मंथन किया गया। इसी के साथ नगर निगमों में महापौर और नगर पालिकाओं में अध्यक्ष का चुनाव प्रत्यक्ष कराने पर भी चर्चा की गई। सरकार जल्द इस पर फैसला लेगी। ऐसा माना जा रहा है कि भाजपा दोनों चुनाव एक साथ कराने की तैयारी में है।

## शासकीय विद्यालय बिटाल में बनेगी बाउंड्रीवाल, किया गया भूमिपूजन

**कुसुमकसा।** ग्राम बिटाल के स्कूल के बाउंड्रीवाल के वर्षों पुराने मांग के लिए प्रदेश प्रवक्ता देवलाल ठाकुर ने प्रयास कर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से बात कर 10 लाख स्वीकृति करा ग्रामवासियों को सौगात दी। 10 लाख रूपये की लागत से बनने वाले बाउंड्रीवाल का भूमिपजन भाजपा प्रदेश प्रवक्ता व देवलाल ठाकुर ने किया। इस दौरान अतिथि के रूप में जनपद सदस्य संजय बैस, ग्राम बिटाल सरपंच पवन बाई, भाजपा युवा नेता श्याम जायसवाल, मुश्ताक अहमद, रामेश्वर साहू, मेवा पटेल, संतोष जैन उपस्थित थे। अतिथियों ने सर्व प्रथम भूमिपूजन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सरपंच पवन बाई ने कहा कि आज हमारे ग्रामीण जन बहुत हर्षित हैं। हमारे गांव की बहुत पुरानी समस्या का आज समाधान हो रहा है। हम और हमारे ग्रामवासी स्कूल की बाउंड्रीवाल की मांग करते करते थक चुके थे। पर हमारी समस्या का समाधन भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता देवलाल ठाकुर ने किया। हम उनका आभार व्यक्त करते हैं। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये मुख्य अतिथि देवलाल ठाकुर ने कहा कि मैंने केवल सार्थक प्रयास किया है। इस मांग को हमारे प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पूरा किया है। इसलिए हम सभी को इस कार्य के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभार मानना चाहिए। उन्होंने कहा कि मेरे लायक जो भी काम होगा, आप मुझे बताईयेगा, मेरा पूरा प्रयास रहेगा कि क्षेत्र की जनता के लिए मुख्यमंत्री से मिलकर समाधान हो। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक दिनेश साहू एवं आभार प्रदर्शन उप सरपंच बलवंत साहू ने किया। इस अवसर पर जनपद सदस्य ललिता पोरते प्रचार्य शिवलाल रावटे पूरन लाल करपाल सावित्री बाई पंच भागो बाई यादव समारु राम दान सिंह उपस्थित थे।

## थोक में किए गए तबादले

## लोक निर्माण विभाग में 71 अभियंताओं की नई पदस्थापना

**रायपुर।** राज्य शासन के लोक निर्माण विभाग ने 71 अधिकारियों की नई पदस्थापना की है। उप मुख्यमंत्री तथा लोक निर्माण मंत्री अरुण साव के अनुमोदन के बाद विभाग ने मंत्रालय से अधीक्षण अभियंताओं, कार्यपालन अभियंताओं और सहायक अभियंताओं की नवीन पदस्थापना के आदेश जारी किए हैं। जिन अधिकारियों के नाम इसमें शामिल हैं, उनमें कार्यपालन अभियंता पीएल पैकरा को रायपुर से सारंगढ़, मधेश्वर प्रसाद बालोद से बीजापुर, बीके ध्रुव बीजापुर से जगदलपुर, निर्मल कुमार सिंह बेमेतरा से रायपुर, हेमंत अरोरा को रायपुर से नवा रायपुर, हीरामन सिंह नायक को अंबिकापुर से दुर्ग, डीके महेश्वरी दुर्ग से रायपुर, डीके चंदेल रायपुर से बेमेतरा, एके श्रीवास दुर्ग से नवा रायपुर, ललित कुमार भोई अंबिकापुर से नारायणपुर, सुबोध राम भगत बचेली ये अंबिकापुर, हरनारायण पात्र जगदलपुर से सुकमा, मोहन राम भगत को अंबिकापुर से रामानुजगंज, गोविंद अहिरवार रायपुर को रायपुर, केके सरल चांपा से कांकेर, रणजीत अशोकि घाटगे रायपुर से कवर्धा, राजेंद्र कुमार सोनकर बलौदाबाजार से कांकेर, ब्रजेश चतुर्वेदी मनेंद्रगढ़ से बिलासपुर, नितेश तिवारी को अंबिकापुर से बिलासपुर, विशाल तिवारी को रायपुर से विधानसभा संभाग रायपुर, अभिनव श्रीवास्तव रायपुर से रायपुर, संतोष कुमार नेताम धमतरी को धमतरी, आशीष कुमार दुबे रायपुर को मनेंद्रगढ़, महावीर प्रसाद डडसेना को नगरी से रायपुर, संतोष कुमार गुप्ता रामनुजगंज को नवा रायपुर, मोचन प्रसाद कश्यप को पत्थलगांव, वीरेंद्र चौधरी को जशुपर से अंबिकापुर, नंद किशोर डडसेना नवा रायपुर को अंबिकापुर, केशव प्रसाद लहरे को चांपा से सूरजपुर, अमित कश्यप को रायगढ़, भोज कुमार मांझी गुण्डरदेही से दंतेवाड़ा, रमेश कुमार शर्मा को जांजगीर से रायगढ़, रामाधार तांबे को रायपुर से अंबिकापुर, रामेश्वर प्रसाद सिंह नवा रायपुर से गरियाबंद, सुनील कुमार चौरसिया राजनांदगांव, प्रियंका मेहता बिलासपुर से सक्ती, प्रज्ञा नंद जगदलपुर से कोंडागांव, रश्मि वैश्य लोरमी से बिलासपुर, मेरी दिव्या गुलाब केरकेट्टा को अंबिकापुर, नीता रामटेके को राजिम से बलौदाबाजार, रितू खरौ को बालोद से मानपुर, ममता पटेल को मुंगेली से चांपा, आशा मंडावी को आंगढ़ से कांकेर पूर्णिमा कौशिक को महासमुंद से बालोद, नित्या कुमारी को पंडरिया से पेंड्रा, श्रद्धा सिंह को रायपुर, एसके सतपथी को मनेंद्रगढ़ से मुंगेली, अनुज शर्मा गरियाबंद से बलौदाबाजार, आशीष कुमार को नवा रायपुर से दुर्ग, देवनारायण वर्मा को रायपुर, चंद्र किशोर पांडे बिलासपुर से दुर्ग, प्रदीप गुप्ता राजनांदगांव से दुर्ग, शिवलाल ठाकुर को दंतेवाड़ा से रायपुर, प्रभात कुमार सक्सेना आरंग से रायपुर, चंद्रशेखर चंद्राकर रायपुर से महासमुंद, व्हीएनके शास्त्री को बलासपुर, संजय चौहान रायपुर से नवा रायपुर, रामरतन ध्रुव कांकेर से जगदलपुर, विंध्यराज सिंह बिलासपुर, जेएन मानकर नारायणपरु से रायपुर, टीएन सिंह जशपुर और टीसी वर्मा को बलौदाबाजार में पदस्थ किया गया है।

# बिल्डिंग मटेरियल रखने पर जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

सडक किनारे बिल्डिंग मटेरियल रखने वालों की अब खैर नही है। इसके लिए आयुक्त ने संबंधितों पर जुर्माना लगाने के निर्देश दिए है। मटेरियल सडक पर रखने के कारण आवाहाजी और दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। जिसे गंभीरता से लेते हुए आयुक्त ने कार्यवाही के निर्देश दिए हैं।

कमिश्नर सुमित अग्रवाल शहर के वार्डो में निगम अमला के साथ निरीक्षण करने पहुंचे। कमिश्नर ने वार्ड क्रमांक 1 नयापारा बाजार के पास सड़क किनारे पढ़े सीएनडी वेस्ट को हटाने और जुर्माना करने के निर्देश दिए। उन्होंने वार्ड क्रमांक 2 राजीव नगर तालाब पहुँचे, जहाँ सफाई और पानी निस्तार के लिए संबंधित इंजीनियर को निर्देश दिए। सुबह कमिश्नर सुमित अग्रवाल ने वार्ड क्रमांक 1 नया पारा, पंचशील नगर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने लीकेज पाइप लाइन को जल्द ठीक करने को कहा। साथ ही सड़क किनारे बिल्डिंग मटेरियल देखकर मौजूद अधिकारी को कार्रवाही करने की बात कही।

कमिश्नर सुमित अग्रवाल ने कहा कि, शहर के कई वार्डो में रोड, नाली के किनारे बिल्डिंग मटेरियल रखने पर नगर निगम का अमला सामग्री जब्त करने की कार्रवाई करेगा। रोड व नाली के किनारे रेत, गिट्टी, ईंट का ढेर रखने से आवागमन में परेशानी होती है।



### नालियां हो रही जाम

निगम कमिश्नर सुमित अग्रवाल ने बताया कि, भवन निर्माण करने वाले नागरिकों ने बिल्डिंग मटेरियल रखने की व्यवस्था नहीं की है। ऐसे में लापरवाही से सड़क या नाली के किनारे रेत-गिट्टी रखने से आवाजाही पर असर पड़ रहा है। इसके कारण नागरिकों को आने जाने पर परेशानी होती है। मटेरियल रखने के कारण नालियां जाम हो रही हैं। उन्होंने व्यवसाय करने वाले व भवन निर्माण करने वालो से अपील की है। बिल्डिंग मटेरियल सड़क व नाली के ऊपर न रहें।




## रायपुर सहित राज्य के चार शहरों में चलेंगी ई-बसें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के चार शहरों रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग-भिलाई और कोरबा में नागरिकों को जल्द ही ईको-फ्रेंडली, किफायती, भरोसेमंद और सुगम परिवहन की सुविधा मिलने जा रही है। प्रधानमंत्री ई-बस सेवा के तहत इन चारों शहरों में 240 ई-बसें संचालित की जाएंगी। मुख्यमंत्री की पहल पर भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री ई-बस सेवा के तहत रायपुर के लिए 100, बिलासपुर और दुर्ग-भिलाई के लिए 50-50 तथा कोरबा के लिए 40 ई-बसों की स्वीकृति प्रदान की गई है। राज्य स्तर पर इसके लिए सूडा को नोडल एजेंसी तथा संबंधित जिलों में गठित अरबन पब्लिक सर्विस सोसाइटी को क्रियान्वयन एजेंसी बनाया गया है। राज्य शासन ने सड़कों पर इन ई-बसों को उतारने की तैयारियां तेज करते हुए चारों शहरों में बस डिपो और बीटीएम पॉवर इन्फ्रास्ट्रक्चर के लिए 67 करोड़ 40 लाख रुपए मंजूर करते हुए निविदा आमंत्रण की भी अनुमति दे दी है। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के राज्य शहरी विकास अभिकरण ने चारों शहरों में ई-बस सेवा के संचालन के लिए अलग-अलग गठित अरबन पब्लिक सर्विस सोसाइटी को इन दोनों कार्यों के लिए राशि स्वीकृत करते हुए निविदा आमंत्रित करने कहा है। प्रधानमंत्री ई-बस सेवा के तहत शहरों को जनसंख्या के आधार पर चार श्रेणियों में बांटा गया है।





विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की शोभायात्रा आज

**डौंडीलोहारा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की डौण्डीलोहारा ईकाई द्वारा नगर में जिला स्तरीय जनजाति गौरव दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसमें नगर के समस्त विद्यालय व महाविद्यालय के विद्यार्थी सम्मिलित होकर 10 बजे से भव्य शोभायात्रा के माध्यम से सुंदर जनजाति नायक नायिकाओं के रूप में नगर भ्रमण करेगी। उसके बाद लाल रघुवीर सिंह स्टेडियम में संगोष्ठी होगी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जामड़ी पाटेश्वर धाम के संचालक श्री रामबालक दास जी, प्रमुख वक्ता विकास मरकाम और अध्यक्षता यज्ञदत्त वर्मा अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रदेश मंत्री रहेंगे। कार्यक्रम में 1000 विद्यार्थी सम्मिलित होकर जनजातीय गौरव के इतिहास के बारे में जानेंगे। कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी दी जाएगी।

### फंदे पर झूलता मिला हड्डियों का ढांचा

**डौंडीलोहारा।** कोटेरा के जंगल में शनिवार को एक पेड़ से फांसी पर झूलते हुए सड़ी-गली हड्डी के ढांचे के रूप में शव मिलने से सनसनी फैल गई। वन विभाग की टीम ने सबसे पहले शव को देखा और पुलिस को सूचना दी। टीआई वीणा यादव ने बताया कि सूचना मिलने के बाद पुलिस की टीम घटना स्थल पर पहुंची। घटनास्थल पर एक लेडीज सायकिल व कुछ अन्य सामग्री मिली है। पुलिस ने अपने स्तर पर जांच पड़ताल शुरू की। पता चला कि पास के थाना क्षेत्र सुरेगांव के ग्राम अ.नवागांव से 30 अक्टूबर को 65 वर्षीय वृद्ध परस विश्वकर्मा अपने घर से सायकल पर कहीं निकला था, जो घर नहीं लौटा। इधर उधर नाते रिश्तेदारों में पतासाजी के बाद 2 नवम्बर को सुरेगांव थाना में गुम इंसान के रूप में मामला दर्ज कराया गया था। इसी आधार पर मृतक के परिजनों को बुलाकर शव की शिनाख्त कराई गई। परिजनों ने सामान व सायकिल आदि के आधार पर शव के परस विश्वकर्मा की होने की पुष्टि की। विवेचना अधिकारी एएसआई अनिताराम यादव ने बताया कि वन विभाग के चौकीदार शगनु राम की रिपोर्ट पर मर्ग कायम कर आगे की जांच कार्यवाही की जा रही है।

### ई-रिक्शा चोर ही निकला शातिर नकबजन, दो गिरफ्तार

**भिलाई।** खुर्सीपार पुलिस ने ई रिक्शा चोरी के मामले में दो आरोपी युवकों को गिरफ्तार किया है। 23 नवंबर को प्रार्थी हरेकृष्णा साह निवासी सरकारी अस्पताल के पास बापू नगर खुर्सीपार ने थाना खुर्सीपार में रिपोर्ट लिखवाई। 16 नवंबर की शाम ई-रिक्शा चेचिस नम्बर एमसीबी 18C000049 एवं इंजन नम्बर ERBCHRL071864V15A25357 अपने घर के सामने (सरकारी अस्पताल के पास बापूनगर) में खड़ी किया। सुबह सोकर उठा तो देखा कि ई-रिक्शा वहां नहीं थी। मेराज आलम पिता मेहताब आलम उम्र 23 साल निवासी गौतम नगर सेक्टर 11 आनंद दुकान के पीछे खुर्सीपार और शांता राव पिता नारायण राव उम्र 25 साल निवासी देना बैंक के पीछे स्वीपर मोहल्ला छावनी को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों ने वर्ष 2023 में गौतम नगर जोन 1 खुर्सीपार में घर चोरी की घटना को अंजाम देना भी स्वीकार किया।


## निधन

### ईश्वर राम भुआर्य



**बालोद।** ग्राम अरौद निवासी ईश्वर राम भुआर्य का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार ग्राम स्थित मुक्तिधाम में किया गया। वे सुमित्रा देवी के पति एवं भूषणलाल भुआर्य, तरूणलाल भुआर्य के पिता थे।

### लखन लाल साहू



**बालोद।** ग्राम हंचलपुर निवासी लखन लाल साहू 87 वर्ष का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। लखन लाल साहू पंचायत विकास विभाग में बालोद नगर सहित निपानी, गुरूर पंचायत में भी पदस्थ रहे थे।

## शपथ : किसानों की समस्या दूर करने का दिया आश्वासन

# प्राधिकृत अध्यक्षों ने ग्रहण किया पदभार

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ बालोद/सिकोसा**

सेवा सहकारी समिति बेलौदी में शपथ ग्रहण समारोह हुआ, जिसमें प्राधिकृत अधिकारी नोहर सिंह साहू ने शपथ ली। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक विरेन्द्र साहू थे।

जनपद सदस्य तेजराम साहू ने कहा कि खरीदी केंद्रों में समुचित व्यवस्था की गई है, किसान की उपज 3100 रुपये राज्य सरकार के द्वारा खरीदी जा रही है, अभी 2300 व 2320 रुपये की राशि से भुगतान की जा रही है, अंतर की राशि एक मुफ्त खाते में हस्तांतरित की जाएगी।

सेवा सहकारी समिति सतमरा भोजराम साहू ने कहा कि अभी कुछ समस्या पुराने बारदाना को लेकर आ रही है, जिससे समय रहते शासन को अवगत करा दिया गया है। टोमन लाल ने कहा कि हम किसानों के साथ खड़े हैं एक-एक दाना खरीदा जाएगा। पूर्व विधायक विरेन्द्र साहू ने कहा कि छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार किसान हितैषी है। पहली बार साय सरकार ने खरीदी केन्द्रों में किसानों के लिए मिनी एटीएम की व्यवस्था की है, जिससे किसान 10000 तक की राशि निकाल सकते हैं।

इस अवसर पर प्राधिकृत अधिकारी टोमनलाल साहू, सतमरा प्राधिकृत अधिकारी नोहर सिंह साहू, भोजराम साहू, जनपद सदस्य लालजी साहू, तेज राम साहू, बलराम पटेल, दीनदयाल देवांगन, पन्नालाल साहू, उप सरपंच शेषनारायण साहू, विचित्र कुमार साहू, पन्नालाल साहू, डॉ रोहित साहू, कांग्रेसी नेता नारायण कलिहारी, रामस्वरूप सिन्हा सहित अन्य किसान उपस्थित थे।

### प्राधिकृत अधिकारी नोहर सिंह ने ली शपथ



### सतमरा समिति के प्राधिकृत अधिकारी भोजराम ने ली शपथ




**बालोद/सिकोसा।** सतमरा सेवा सहकारी समिति में प्राधिकृत अधिकारी भोजराम साहू ने शपथ ली। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक विरेन्द्र साहू थे। वहीं, प्रदेश किसान मोर्चा के सदस्य टोमन साहू, गुंडरदेही भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष दुष्यंत सोनवानी, सरपंच योगिता मोती साहू, सरपंच ओम प्रकाश यादव, साधुराम साहू, कुंभकरण साहू, राजेन्द्र सेन, नेतराम साहू, खोमलाल सिन्हा, चेतराम, बिरेन्द साहू, राधेश्याम साहू, महावीर ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित थे। भोजराम साहू ने कहा कि हम किसान हैं, किसानों के हित में काम करेंगे। उन्होंने कहा कि पेयजल सहित समुचित व्यवस्था का ध्यान रखेंगे, ताकि धान खरीदी केंद्रों में किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न रहे।

### खेरथा मंडल की सभी समितियों में प्राधिकृत अधिकारियों ने ली शपथ



**देवरीबंगला।** खेरथा मंडल की सभी समितियों में प्राधिकृत अधिकारियों ने अध्यक्ष के रूप में शपथ ग्रहण किया। शपथ ग्रहण कार्यक्रम में उपस्थित जिला के महामंत्री चेमन देशमुख ने कहा कि शासन द्वारा किसानों के हित में लिये गये निर्णय एवं योजनाओं से प्रदेश के किसान संतुष्ट एवं खुशहाल हैं। मंडल अध्यक्ष टीनेश्वर ने कहा कि समिति के माध्यम से प्रति एकड़ 21 क्विंटल एवं प्रति क्विंटल 3100 रूपए में किसानों का धान खरीदने से वे आर्थिक रूप से संपन्न हो रहे हैं। पिनकापार समिति में डिलेश्वर भूआर्य, भरदा समिति में रमेश सोनवानी, खामतराई समिति में निरंजन साहू, मनकी समिति में रवि साहू, राणाखुज्जी समिति में सूरजभान, खेरथा समिति हरीश कटझरे, जेवरतला में घसिया, देवरी समिति में राधेश्याम देवांगन, भंडेरा समिति में विष्णु मोहनमाला, मुढिया समिति में हेमलाल देशलहरे, अहिवरन नवागाव समिति में व्यासनारायण देशमुख, अछोली समिति में संतुराम कृपाल, फरदफोड़ समिति में यादराम साहू, भालूकोन्हा समिति में कमलेश साहू सहित सभी समितियों प्राधिकृत अधिकारी के रूप में शपथ ग्रहण किया। शपथ ग्रहण समारोह में मंडल के उपाध्यक्ष सरपंच टटेगा उत्तम साहू, रामलाल नायक मंडल उपाध्यक्ष, धन्ना विश्वकर्मा, जिला आईटी सेल संयोजक विवेक वैष्णव, गजेंद्र चौधरी, छक्कन साहू, भूनेश्वरी ठाकुर, मुन्ना सिन्हा, संतोष साहू सहित मंडल, जिला एवं प्रदेश के पदाधिकारी सहित समिति के किसान एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

### सहकारी समिति पेंडरी के प्राधिकृत अध्यक्ष खेमलाल ने लिया पदभार



**बालोद/कलंगपुर।** गुण्डरदेही ब्लाक के ग्राम पेन्डरी में संचालित सेवा सहकारी समिति में शासन की ओर से इस समिति में प्राधिकृत अध्यक्ष पद पर ग्राम भटगांव निवासी खेमलाल साहू ने सेवा सहकारी समिति के कर्मचारियों एवं किसानों की मौजदूगी में पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर कर्मचारियों व उपस्थित किसानों ने खेमलाल साहू का स्वागत किया। पदभार ग्रहण करने के बाद खेमलाल साहू ने कहा कि किसानों को खरीदी केन्द्र में किसी भी प्रकार से परेशानी न हो, उन्होंने व्यवस्था बनाए रखने के लिए सभी कर्मचारियों से सहयोग प्रदान करने की अपील की। इस दौरान सहायक समिति प्रबंधक नंदकिशोर साहू, लिपिक कमलेश यादव, कम्प्यूटर आपरेटर चन्द्रेश यादव, टिवेन्द्र साहू, निहाल सिंह, उग्रसेन साहू, धनीराम यादव, तरुण साहू, पूर्व अध्यक्ष दूजराम ठाकुर, भीखाराम साहू, खिलेन्द साहू, भोलाराम साहू, विजय कुमार साहू, सुधीर साहू, टिवेन्द्र साहू सहित किसान उपस्थित थे।

## झलमला में कलामंच निर्माण के लिए हुआ भूमिपूजन

**बालोद।** जिला मुख्यालय के समीपस्थ ग्राम झलमला में शेड व गोठान के समीप कलामंच निर्माण करने के लिए ग्राम प्रमुखों की उपस्थिति में भूमिपूजन किया गया। गांव की समस्याओं को देखते हुए लंबे समय से इसकी मांग ग्रामवासियों द्वारा की जा रही थी। कार्यक्रम में सरपंच उमा पटेल व उपसरपंच कुंती गोरे, पंच नरेंद्र सिन्हा, प्रभु पटेल, राजेन्द्र पटेल, उमेश पटेल, पंकज तिवारी, ओमप्रकास पटेल, आदित्य दुबे, ग्रामीण अध्यक्ष देवी सिंह साहू, जनपद अध्यक्ष कल्याण साहू, पालक ठाकुर, छन्नू साहू, रेवती ठाकुर, रकेश्वरी सहित ग्रामीण उपस्थित थे।



## एकीकृत बाल विकास परियोजना विभाग के अधिकारी कर रहे जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा




**हरिभूमि न्यूज ▸▸ गुरूर**

- भाजयुमो महामंत्री अजेन्द्र ने लगाया आरोप, संगठन से की शिकायत

जिले के एकीकृत बाल विकास परियोजना विभाग गुरूर पर निर्वाचित जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा का आरोप लगाते हुए भाजयुमो महामंत्री अजेन्द्र साहू ने संगठन में इसकी शिकायत की है। श्री साहू ने कहा कि महिला एवं बाल विकास विभाग गुरूर द्वारा विकासखण्ड के विभिन्न ग्रामों में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका सम्मान समारोह का आयोजन विभिन्न ग्रामों में किया जा रहा है। कार्यक्रम में विभाग द्वारा जो बैनर लगाया जा रहा है, उसमें जिले के प्रभारी मंत्री विजय शर्मा, सांसद भोजराज नाग का फोटो नहीं है। उसमें केवल क्षेत्रीय विधायक संगीता सिन्हा का ही फोटो है। श्री साहू ने कहा



कि ऐसा ही बैनर विकासखण्ड में आयोजित सभी कार्यक्रमों में रहने की शिकायत सामने आई है। उन्होंने कहा कि महिला एवं बाल विकास विभाग का यह कृत्य निर्वाचित जनप्रतिनिधियों एवं जिला के प्रभारी मंत्री के प्रति विभाग द्वारा घोर उपेक्षा को दर्शाता है। विभाग को क्षेत्र के सभी निर्वाचित जनप्रतिनिधियों के प्रति समान रूप से सम्मान का भाव रखना चाहिए।

### बूथ क्र 206 के अध्यक्ष चुने गए मधुसूदन



**गुरूर।** मंडल गुरुर अंतर्गत गुरुर नगर के बूथ क्रमांक 206 का चुनाव कराया गया। इसके तहत मधुसूदन सोनवानी अध्यक्ष चुने गए। इस दौरान पन्ना लाल साहू, रोहित ओझा, चन्द्रलता साहू, कुंती सिन्हा, पिंकी चन्द्राकर एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### ग्राम कोचेरा में बूथ क्र. 198 के अध्यक्ष बने राजू



**गुरूर।** शक्तिकेंद्र धनेली के अंतर्गत ग्राम कोचेरा बूथ क्रमांक 198 में जिला भाजपा संगठन के निर्देशानुसार बूथ अध्यक्ष एवं कार्यकारिणी सदस्यों का गठन सर्व सम्मति से किया गया। इसके तहत राजू यादव को बूथ अध्यक्ष चुना गया। इस अवसर पर मंडल के प्रतिनिधि के रूप में चुनाव अधिकारी दुर्गानंद साहू उपस्थित थे। साथ में द्वारिका साहू, रवि साहू, डामन लाल साहू, राजू यादव, लखन लाल आडिल, कृष्णा मलघाटी, अंजोर साहू, उधोराम, छगनलाल, दिनुराव, बेदराम पुरुषोत्तम, महेंद्र, ईश्वर, यशवंत, महानंद, पोसराम, मुन्ना साहू, सोहनलाल, बिराजो बाई, सुशीला बाई उपस्थित थे।

### कृषि विभाग कर्मचारी संघ के अध्यक्ष बने बसंत



**गुरूर।** कृषि विभाग गुरुर में पदस्थ कर्मचारियों द्वारा संगठन का निर्माण किया गया, जिसमें बसंत कुमार जंघेल को अध्यक्ष बनाया गया। सचिव फनींद्र देवांगन, कोषाध्यक्ष मिलाप राम साहू का चयन किया गया। इस दौरान नवल किशोर साहू प्रांतीय महामंत्री उपस्थित रहे।

## जामगांव आर में बूथ क्र 214 के अध्यक्ष बने सीताराम, 215 की जिम्मेदारी मुकेश को

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ जामगांव आर**



भारतीय जनता पार्टी का संगठनात्मक चुनाव का आधारगत बूथ का चुनाव रविवार जामगांव आर में हुआ। चुनाव अधिकारी भाजपा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष नारद साहू एवं सहायक भाजपा मंडल उपाध्यक्ष अंगेश्वर साहू थे।

बूथ क्रमांक 214 के अध्यक्ष सीताराम साहू और बूथ क्रमांक 215 के अध्यक्ष मुकेश साहू चुने गए। इस अवसर पर महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष शैलेंद्री मंडावी, भाजपा नेता नरेश केला, कन्हैयालाल साहू, सुरेश जैन, मेघनाथ सागरवंशी, राधेश्याम राठी, युधिष्ठिर चंद्राकर, पूर्णेंद्र सिन्हा, मनीष जैन उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पाटन भाजपा युवा मंडल अध्यक्ष नारद साहू ने कहा कि प्रदेश और राष्ट्र में भाजपा की मजबूती का आधार है भाजपा का बूथ संगठन, सर्वविदित है संगठन में शक्ति होती है। संगठन शक्ति की नींव बूथ होता है बूथ जितना मजबूत होगा। इसलिए बूथ को सशक्त बनाने के लिए बूथ अध्यक्ष समर्पित भाव से पूरी लगन निष्ठा के साथ दायित्वों का निर्वहन करें। वहीं, महिला मोर्चा जामगांव आर मंडल अध्यक्ष शैलेंद्री मंडावी, दक्षिण पाटन मंडल उपाध्यक्ष अंगेश्वर साहू ने कहा कि आज जो नेता उच्च पदों पर आसीन है वे भी कभी बूथ स्तर के नेता रहे हैं। उनकी मेहनत, लगन और समर्पण ने उन्हें सतत ऊंचाई दी और वे कर्तव्य निष्ठा के साथ भाजपा के बैनर तले देश की आमजनता की सेवा कर रहे हैं।

## विकास कार्यों की स्वीकृति के लिए झूठा श्रेय न लें नपं अध्यक्ष : कुसुम

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ डौंडीलोहारा**



विष्णुदेव सरकार द्वारा विकास कार्य के लिए लाखों रुपए की स्वीकृति होने का नगर पंचायत अध्यक्ष झूठा श्रेय लेने की कोशिश न करें। यह बात कुसुम शर्मा महिला मोर्चा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य ने कही है।

उन्होंने बताया कि नगर में विभिन्न सामुदायिक भवनों की स्वीकृति भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता देवलाल ठाकुर की मांग पर जनता की सुविधा के लिए उपमुख्यमंत्री एवं नगरीय निकाय मंत्री अरुण साव द्वारा दी गई है। लेकिन, इसका श्रेय डौंडीलोहारा नगर पंचायत अध्यक्ष द्वारा लेने की कोशिश की जा रही है, जो कि ओछी मानसिकता का उदाहरण है। दूसरे के कार्यों को स्वयं द्वारा स्वीकृत बताना, नगर पंचायत अध्यक्ष को शोभा नहीं देता।

नगर पंचायत अध्यक्ष को कांग्रेस के कार्यकाल में स्वीकृत कार्यों और उनके किए गए भ्रष्टाचार को बताना चाहिए और उसका श्रेय लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि वर्तमान में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की सरकार में स्वीकृत सभी कार्य भाजपा के प्रयास से स्वीकृत हुए हैं, जिसका पूरा श्रेय भारतीय जनता पार्टी की सरकार और नगरीय निकाय मंत्री अरुण साव को जाता है।

## कोलिहामार में एड्स दिवस पर हुआ स्वास्थ्य एवं जागरुकता शिविर

# मनुष्यों के शरीर में रोग प्रतिरोधक क्षमता को कम कर देता है एड्स का वायरस : डॉ भारती

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ गुरूर**



विकास खंड गुरुर में जिला प्रशासन के निर्देशन व खंड चिकित्सा अधिकारी के मार्गदर्शन में कोलिहामार स्कूल मैदान में आयोजित क्रिकेट मैच के समापन दिवस व विश्व एड्स जागरूकता दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।

उक्त अवसर पर खंड चिकित्सा आधिकारी डॉक्टर सुनील भारती ने बताया कि एचआईवी वायरस मनुष्यों के शरीर में रोग प्रतिरोधक क्षमता कम करने वाला वायरस है। इनके लक्षण टीबी रोग की भाँति होता है। सभी टीबी मरीजों का एवं गर्भावस्था के दौरान गर्भवती माताओं की आईसीटीसी सेंटर में जांच कर परामर्श दिया जाता है। एचआईवी का वायरस मुख्य रूप से चार कारणों से फैलता है। एचआईवी संक्रमित व्यक्ति से असुरक्षित सम्बन्ध बनाने से। संक्रमित माता से उनके बच्चे को गर्भावस्था, जन्म और स्तनपान के दौरान, एचआईवी संक्रमित व्यक्ति के रक्त चढाने से, संक्रमित सुईयों के उपयोग से होता है, उन्होंने कहा कि एड्स से जागरूकता ही बचाव है। एचआईवी संक्रमण को सम्पूर्ण रूप से ख़त्म नहीं किया जा सकता, किंतु एआरवी दवाओं के साथ एचआईवी के साथ जी रहे व्यक्ति एक लम्बा समय तथा गुणवत्ता पूर्वक जीवन व्यतित कर सकते हैं। खंड चिकित्सा अधिकारी ने अपील की है कि उक्त जानकारी को जनसमुदाय में जागरुकता लाने अधिक से अधिक प्रचार किया जाए, ताकि समय रहते परामर्श व बचाव कर सकें। शिविर में उपस्थित लोगों का आईसीटीसी इकाई के काउंसलर द्वारा परामर्श व जांच कर आवश्यक स्वास्थ्य शिक्षा दी गई। शिविर में डॉक्टर खिलेश्वरी बंजारे, केआर उर्वशा, योगेश साहू, जेडी गंधर्व, केके बंजारे, ए कुमरा, अंजली गंधर्व, हेमलता कोसरे, धनेश्वरी वर्मा, रंजीता, मालती सलाम, विवेकानंद साहू, बीडी गंगवंशी, वर्षा पटेल, संजय मेश्राम, गजेंद्र मेश्राम, रोशन सुधाकर एवं विभाग के अन्य कर्मचारियों ने सेवाएं प्रदान की।

### साइबर फ्रॉड मामले में आरोपी के पिता से पूछताछ

**भिलाई।** बेंगलोर में लाखों रुपए की साइबर फ्रॉड करने के बाद फरार हुए आरोपी की तलाश में बेंगलोर पुलिस की टीम दुर्ग आई थी। जानकारी के मुताबिक फरार नाबालिक आरोपी मोहन नगर थाना क्षेत्र का निवासी है। 1 लाख 40 हजार रुपए की बेंगलोर में हुए साइबर फ्रॉड में शामिल उक्त नाबालिक आरोपी को पकड़ने टीम आई हुई थी। बताया जाता है कि नाबालिग का पिता गुटके का बड़ा कारोबारी है। पुलिस ने आरोपी के पिता को थाने में बैठाकर पूछताछ की है।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने
पता - धमतरी. मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - घातुस्त्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, केश रोग, दांत रोग का इलाज